सेफटी डाटा शीट

REPLISET-F1, -F5, -T1, -T3, -GF1, -GT1 - Part A

अनुभाग 1. पहचान

उत्पाद पहचानक : REPLISET-F1, -F5, -T1, -T3, -GF1, -GT1 - Part A

Cat. No. : 40900046, 40900047, 40900048, 40900049, 40900050, 40900051, 40900052, 40900053, 40900068, 40900069, 40900070, 40900071, 40900076, 40900077, 40900078, 40900079

कंटेनर का आकार : 50 मिली

पहचान के अन्य साधन : उपलब्ध नहीं।

उत्पाद का प्रकार : तरल।

रासायन का सिफारिश किया गया उपयोग और उपयोग पर प्रतिबंध

उत्पाद उपयोग : मैटेरियलोग्रैफिक सतहों के लिए प्रतिकृति प्रणाली।

अनुप्रयोग का क्षेत्र : व्यवासायिक अनुप्रयोग.

आपूर्तिकर्ताओं का विवरण : Struers ApS
Pederstrupvej 84
DK-2750 Ballerup

टेलीफोन: +45 44 600 800

इस एसडीएस के लिए जिम्मेदार व्यक्ति का ईमेल पता : sdsquestions@struers.dk

आपातकालीन फोन नंबर (उपलब्धता घंटों की जानकारी सहित) : +45 44 600 800 (केवल कार्यालय समय के दौरान)

अनुभाग 2. खतरे की पहचान

सामग्री या मिश्रण का वर्गीकरण :

H373	विशिष्ट लक्ष्य अवयव विषाक्तता (पुनरावृत्त उद्भासन) - वर्ग 2
H412	जलीय खतरा (चिरकालिक) - वर्ग 3

अनुभाग 2. खतरे की पहचान

मिश्रण का प्रतिशतता जो अविदित जलीय वातावरण के खतरों वाले संघटक या संघटकों का बना हूवा: 49.5%

जीएचएस लेबल तत्व

खतरा चित्र :

संकेत शब्द : चेतावनी

खतरा कथन : H373 - दीर्घकालीन अथवा पुनरावर्ती उद्भासन से शारीरिक अवयवों को क्षति पहुंचा सकता है। (फेफड़े)

H412 - जलीय जीव-जंतुओं के लिए हानिकारक और दीर्घकालीन रहनेवाले प्रभाव।

सावधानी कथन

बचाव : P273 - पर्यावरण में विमुक्ति से बचें।

P260 - वाष्प का अंतःश्वसन न करें।

प्रतिक्रिया : P319 - यदि आप अस्वस्थ महसूस करते हैं तो चिकित्सा सहायता प्राप्त करें।

संग्रहण : लागू नहीं।

निपटारा : P501 - सभी स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विनियमों के अनुसार अंतर्वस्तु और पात्र को ठिकाने लगाएं।

अन्य खतरे जिनका वर्गीकरण नहीं होता : दीर्घकालिक या पुनरावृत्त संपर्क शुष्क त्वचा तथा उत्तेजना का कारण हो सकता है।

अनुभाग 3. संयोजन/संघटकों पर सूचना

पदार्थ/मिश्रण : मिश्रण

पहचान के अन्य साधन : उपलब्ध नहीं।

संघटक नाम	%	पहचानक
सिलानामाइन, 1,1,1-ट्राइमिथाइल-एन- (ट्राइमिथाइलसिलिल) -, सिलिका के साथ हाइड्रोलिसिस उत्पाद	≥20 - <50	सीएएस: 68909-20-6
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	<0.1	सीएएस: 556-67-2

अनुभाग 3. संयोजन/संघटकों पर सूचना

आपूर्तिकर्ता की वर्तमान जानकारी में तथा लागू होनेवाली सांद्रता में कोई भी अतिरिक्त संघटक उपस्थित नहीं है, जो स्वास्थ्य या वातावरण के लिए खतरनाक के रूप में वर्गीकृत हो, और इसलिए इस अनुभाग के अंतर्गत जिनकी सूचना देना आवश्यक हो।

व्यवसाय-गत एक्सपोशर सीमाएं, जहां उपलब्ध हों, अनुभाग 8 में दिए गए हैं।

अनुभाग 4. प्राथमिक उपचार उपाय

आवश्यक प्राथमिक मदद के उपायों का वर्णन

नेत्र संपर्क : आंखों को तुरंत खूब सारे पानी से धोएं, और रह-रहकर ऊपरी और निचले पलकों को उठाएं। कोंटैक्ट लेन्सों के लिए जांच करें और उन्हें हटाएं। कम से कम 10 मिनट तक धोते रहें। चिकित्सकीय देखरेख प्राप्त करें।

अंतःश्वसन : प्रभावित व्यक्ति को ताजी हवा में ले जाकर सांस लेने के लिए आरामदायक स्थिति में बैठाएं। यदि सांस नहीं ले रहा हो, श्वसन अनियमित हो, या श्वसनावरोध हो जाए, तो प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा कृत्रिम श्वसन कराया जाए अथवा आक्सीजन दी जाए। मदद करनेवाले व्यक्ति के लिए मुख-से-मुख का श्वसन देना खतरनाक हो सकता है। उद्भासन होने पर अथवा अस्वस्थ महसूस करने पर चिकित्सकीय देखरेख प्राप्त करें। यदि बेहोश हो, तो रिकवरी पोसिशन में रखें और तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें। श्वसन मार्ग को खुला रखें। कोलर, टाई, बेल्ट या कमरबंद जैसे तंग वस्त्रों को ढीला करें। आग के कारण विघटन से पैदा हुए घटकों के अंतःश्वसन की स्थिति में लक्षण देर से प्रकट हो सकते हैं। उद्भासित व्यक्ति को 48 घंटों के लिए चिकित्सा निगरानी के अधीन रखने की आवश्यकता हो सकती है।

त्वचा संपर्क : त्वचा को साबुन और पानी से अथवा मान्य त्वचा प्रक्षालक से धोएं। दूषित वस्त्रों और जूतों को हटा दें। कम से कम 10 मिनट तक धोते रहें। उद्भासन होने पर अथवा अस्वस्थ महसूस करने पर चिकित्सकीय देखरेख प्राप्त करें। दुबारा उपयोग करने से पहले वस्त्रों को धोएं। दुबारा पहनने के पहले जूतों को अच्छी तरह साफ करें।

अंतर्ग्रहण : मुख को पानी से धोएं। यदि कोई कृत्रिम दांत हो तो निकाल दें। यदि सामग्री निगल ली गई हो और उद्भासित व्यक्ति होश में हो, उसे थोड़ी मात्रा में पानी पीने को दें। यदि उद्भासित व्यक्ति अस्वस्थ अनुभव करता है तो रुकें क्योंकि, वमन से खतरा हो सकता है। यदि चिकित्सक न कहे तो उल्टी न कराएं। यदि उल्टी हो, सिर को नीचा रखना चाहिए ताकि उल्टी फेफड़ों में न प्रवेश करे। उद्भासन होने पर अथवा अस्वस्थ महसूस करने पर चिकित्सकीय देखरेख प्राप्त करें। बेहोश व्यक्ति को मुख से कभी भी कुछ न दें। यदि बेहोश हो, तो रिकवरी पोसिशन में रखें और तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें। श्वसन मार्ग को खुला रखें। कोलर, टाई, बेल्ट या कमरबंद जैसे तंग वस्त्रों को ढीला करें।

सबसे अधिक महत्वपूर्ण लक्षण/प्रभाव, तीव्र तथा विलंबित

अनुभाग 4. प्राथमिक उपचार उपाय

तीव्र स्वास्थ्य प्रभावों की संभावना

नेत्र संपर्क : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

अंतःश्वसन : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

त्वचा संपर्क : त्वचा के लिए वसा निकालनेवाला (डीफैटिंग)। त्वचा शुष्कता और उत्तेजना ला सकता है।

अंतर्ग्रहण : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

अत्यधिक उद्भासन के चिह्न/लक्षण

नेत्र संपर्क : विशेष आधार सामग्री नहीं है।

अंतःश्वसन : विशेष आधार सामग्री नहीं है।

त्वचा संपर्क : विपरीत लक्षणों में निम्नलिखित हो सकते हैं:
उत्तेजना
शुष्कता
फटना

अंतर्ग्रहण : विशेष आधार सामग्री नहीं है।

यदि आवश्यक हो, तत्काल चिकित्सकीय ध्यान तथा विशिष्ट उपचार के लिए निर्देशन

चिकित्सक के लिए टिप्पणियां : आग के कारण विघटन से पैदा हुए घटकों के अंतःश्वसन की स्थिति में लक्षण देर से प्रकट हो सकते हैं। उद्भासित व्यक्ति को 48 घंटों के लिए चिकित्सा निगरानी के अधीन रखने की आवश्यकता हो सकती है।

विशिष्ट उपचार : विशेष उपचार नहीं।

प्राथमिक उपचार करने वालों की रक्षा : व्यक्तिगत जोखिम की संभावना वाली कोई भी कार्रवाई उचित प्रशिक्षण के बगैर नहीं की जाएगी। मदद करनेवाले व्यक्ति के लिए मुख-से-मुख का श्वसन देना खतरनाक हो सकता है।

विषविद्या सूचना देखें (अनुभाग 11)

अनुभाग 5. आग से लड़ने के उपाय

अग्निशमन माध्यम

उचित अग्निशमन माध्यम : आग लगने पर पानी की फुहार (धुंध), फोम या शुष्क रसायन (ड्राय केमिकल) या CO_2 का प्रयोग करें।

अनुचित अग्निशमन माध्यम : जल-जेट का प्रयोग न करें।

अनुभाग 5. आग से लड़ने के उपाय

रसायन से उपजनेवाले विशिष्ट खतरे : आग में अथवा गरम किए जाने पर, दाब बढ़ेगा जिससे पात्र फट सकता है। यह सामग्री जलीय जीवन के लिए लंबे समय तक बने रहनेवाले प्रभावों के साथ हानिकारक है। आग बुझाने के लिए जो पानी इस्तेमाल किया गया हो यदि वह इस पदार्थ से दूषित हुआ हो, तो उसे जलधाराओं, नालों और नालियों में मिलने न देना चाहिए।

खतरनाक ऊष्मीय विघटन उत्पाद : विघटित होने पर बने उत्पादों में निम्नलिखित हो सकते हैं:
कार्बन डाइआक्साइड
कार्बन मोनोआक्साइड
नाइट्रोजन आक्साइड
धातु आक्साइड/आक्साइडस

अग्नीसामक दलों के स्वरक्षा की विषेष कार्यवाही : यदि आग लगी हो तो उस क्षेत्र से सभी लोगों को तुरंत हटाकर घटना स्थल को अलग-थलग कर दें। व्यक्तिगत जोखिम की संभावना वाली कोई भी कार्रवाई उचित प्रशिक्षण के बगैर नहीं की जाएगी।

आग से लड़ने वालों के लिए विशेष रक्षा उपकरण : आग बुझानेवाले कर्मियों को उचित रक्षात्मक उपकरण और सेल्फ-कंटेन्ड ब्रीथिंग एपरेटस (एससीबीए) धारण करना चाहिए जिसमें पूर्ण फेस-पीस हो और उसे धनात्मक दाब मोड में प्रचालित करना चाहिए।

अनुभाग 6. आकस्मिक विमुक्ति उपाय

व्यक्तिगत सावधानियां, सुरक्षात्मक उपकरण तथा आपातकालीन प्रक्रियाएं

गैर-आपातकालीन कर्मियों के लिए : व्यक्तिगत जोखिम की संभावना वाली कोई भी कार्रवाई उचित प्रशिक्षण के बगैर नहीं की जाएगी। आस-पास के क्षेत्र से सभी व्यक्ति को हटा दें। अनावश्यक और असुरक्षित कर्मियों को दूर रखें। छलके हुए क्षेत्र को न छुएं न ही उस पर से चलकर जाएं। वाष्प या धुंध का अंतःश्वसन करने से बचें। पर्याप्त वातायन उपलब्ध कराएं। जब वातन अपर्याप्त हो, तो उचित प्रकार का रेस्पिरेटर पहनें। उचित निजी रक्षी उपकरण पहनें।

आपातकालीन कर्मियों के लिए : यदि छलकाव से निपटने के लिए विशेष प्रकार के वस्त्र आवश्यक हों, तो उपयुक्त-अनुपयुक्त सामग्रियों के बारे में अनुभाग 8 में दी गई जानकारी को ध्यान में लें। "गैर-आपातकालीन कर्मियों के लिए" के लिए दी गई सूचना भी देखें।

पर्यावरणीय सावधानियां : छलकी हुई सामग्री को फैलने न दें और उसे बह निकलने न दें तथा बहाव को मिट्टी, जलधाराएं, नाले और नालियों में मिलने न दें। यदि उत्पाद से पर्यावरणीय प्रदूषीत हो (नाले, जलधाराएं, मिट्टी या वायु) तो संगत अधिकरणों को सूचित करें। पानी को प्रदूषित करनेवाली सामग्री। बड़ी मात्रा में उन्मुक्त किए जाने पर पर्यावरण के लिए हानिकारक हो

अनुभाग 6. आकस्मिक विमुक्ति उपाय

सकता है।

परिरोधन तथा स्वच्छता के लिए विधियां तथा सामग्रियां

लघु छलकाव : रिसाव रोकें, यदि खतरे न हो। छलके हुए क्षेत्र से पात्रों को हटाएं। लाइसेंस प्राप्त अपशिष्ट निपटारा ठेकेदार के माध्यम से निपटाएं। छलके हुए पदार्थ को निष्क्रिय सामग्री (उदाहरण के लिए रेत या मिट्टी) में सोखकर रासायनिक अपशिष्ट डालने के पात्र में जमा करें।

बड़ा छलकाव : रिसाव रोकें, यदि खतरे न हो। छलके हुए क्षेत्र से पात्रों को हटाएं। निर्गमन तक हवा की दिशा के विपरीत दिशा से पहुंचें। नालों, जलधाराओं, तहखानों और बंद क्षेत्रों में घुसने न दें। छलकाव को निस्सारी उपचार संयंत्र में धोएं या निम्लनिखित तरीके से उपचारित करें। लाइसेंस प्राप्त अपशिष्ट निपटारा ठेकेदार के माध्यम से निपटाएं। दूषित अवशोषी पदार्थ छलके हुए उत्पाद की तरह खतरा पेश कर सकता है। अदाह्य, अवशोषी पदार्थ (जैसे रेत, मिट्टी, वेरमिकुलाइट या डाइएटोमेशियस मिट्टी) से सीमित करें और इन्हीं में अवशोषित करें और स्थानीय विनियमों के अनुसार निपटारे के लिए पात्र में रखें।

अनुभाग 7. हस्तन तथा संग्रहण

सुरक्षित हस्तन के लिए सावधानियां

संरक्षक उपाय : उचित निजी सुरक्षा उपकरण (अनुभाग 8 देखें) पहनें। वाष्प या धुंध में सांस न लें। मत निगलें। आंखों, त्वचा और कपड़ों के संपर्क में आने से बचें। पर्यावरण में विमुक्ति से बचें। मूल पात्र में अथवा संगत सामग्री से निर्मित अनुमोदित वैकल्पिक पात्र में रखें, उपयोग न किए जाने पर मजबूती से बंद रखें। खाली पात्रों में उत्पाद के अंश लगे होते हैं और इसलिए वे खतरनाक हो सकते हैं। पात्र का पुनरुपयोग न करें।

साधारण व्यवसाय-गत स्वच्छता के बारे में परामर्श : जहां यह सामग्री का हस्तन होता हो और इसे संग्रहित किया गया हो और इसका उपचार होता हो, वहां सब खाना, पीना और धूम्रपान करना वर्जित होना चाहिए। कर्मियों को खाने,पीने तथा धूम्रपान के पहले हाथ तथा चेहरा धोना चाहिए। खाने के क्षेत्रों में जाने से पहले दूषित वस्त्र और निजी रक्षा उपकरण उतार दें। स्वच्छता के बारे में अतिरिक्त जानकारी के लिए अनुभाग 8 भी देख लें।

सुरक्षित संग्रहण के लिए परिस्थितियां, कुछ असंगतताएं सहित : स्थानीय विनियमों के अनुरूप भंडारित करें। सूखी, ठंडी तथा अच्छी वातायन वाली जगह में सीधे सूर्य प्रकाश से संरक्षित मूल पात्र में संग्रह करें,असंगत सामग्री (देखें अनुभाग 10), और खाने-पीने की सामग्री से दूर रखें। जब तक उपयोग न करना हो, पात्र को मजबूती से बंद और सील की हुई अवस्था में रखें। जिन पात्रों को खोला गया हो, उन्हें ध्यानपूर्वक दुबारा सील करना चाहिए और रिसाव रोकने के लिए सीधे खड़ा रखना चाहिए। सूचक पत्र न लगे हुए पात्रों में संग्रहित न करें। उचित नियंत्रण का उपयोग करके पर्यावरणीय दूषण से बचें।

अनुभाग 7. हस्तन तथा संग्रहण

असंगत सामग्रियों की देखभाल करने या उनका उपयोग करने से पहले अनुभाग 10 देखें।

अनुभाग 8. उद्भासन नियंत्रण/व्यक्तिगत सुरक्षा

नियंत्रण मानदण्ड

व्यावसायिक उद्भासन सीमाएं

उद्भासन सीमा मान ज्ञात नहीं।

जैविक जोखिम सूचकांक

कोई एक्सपोजर सूचकांक ज्ञात नहीं है।

उचित अभियांत्रिकीय नियंत्रण : यदि प्रयोक्ता प्रचालनों से धूल, धुंआ, गैस, वाष्प या धुंध पैदा होते हों, तो प्रोसेस एन्क्लोशर, स्थानीय एक्सोस्ट वातन या अन्य अभियांत्रिक नियंत्रक का उपयोग करें ताकि हवा में विद्यमान दूषकों से कर्मियों के एक्सपोशर को अनुशंसित या वैधानिक सीमाओं के भीतर रखा जा सकें।

पर्यावरणीय उद्भासन नियंत्रण : वातन और कार्यस्थलीय प्रक्रियाओं से संबंधित उपकरणों के उत्सर्जनों की जांच करके यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे पर्यावरणीय सुरक्षा कानूनों की आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं। कुछ स्थितियों में उत्सर्जनों को मान्य स्तरों तक लाने के लिए प्रक्रिया के उपकरणों में धूम स्क्रबर, फिल्टर या अभियांत्रिकीय परिवर्तन आवश्यक हो सकते हैं।

व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय

स्वच्छता उपाय : यदि रासायनिक उत्पादों का हस्तन किया हो, तो खाना खाने, सिगरेट पीने या शौचालय जाने से पहले और कार्यावधि पूरी होने पर, हाथों, बांहों के अग्र भाग और चेहरे को अच्छी तरह धोएं। संभावित रूप से दूषित वस्त्रों को हटाने के लिए उचित तकनीक अपनानी चाहिए। दूषित वस्त्रों को दुबारा पहनने से पहले धोएं। सुनिश्चित करें कि आंखों को धोने के स्थान और सुरक्षात्मक शावर कार्यस्थल के निकट हैं।

नेत्र/चेहरा रक्षण : यदि जोखिम का अनुमान करने पर विदित हो कि छींटे, धुंध, गैस तथा धूल से बचने के लिए मानकों का अनुपालन करनेवाले आंख सुरक्षा कवच का उपयोग करना चाहिए, तो ऐसा अवश्य करें। यदि संपर्क संभव हो, तो निम्नलिखित रक्षण पहनना चाहिए, यदि मूल्यांकन इससे अधिक उन्नत स्तर का रक्षण इंगित न करे: पार्श्व शील्डवाले सुरक्षा चश्मे।

त्वचा सुरक्षा

अनुभाग 8. उद्भासन नियंत्रण/व्यक्तिगत सुरक्षा

हाथ रक्षण : यदि जोखिम का अनुमान ऐसा सूचित करता हो तो रासायनिक उत्पादनों का हस्तन करते समय हमेशा रसायन-रोधी, अपारगम्य दस्तानें पहनने चाहिए जो मान्य मानकों के अनुरूप हों। दस्ताने निर्माता द्वारा निर्दिष्ट मापदंडों को ध्यान में रखते हुए, उपयोग के दौरान जाँच करें कि दस्ताने अभी भी उनकी सुरक्षा गुणों को बनाए रखते रहे हैं। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि अलग-अलग दस्ताने निर्माताओं द्वारा उपयोग किए गए दस्ताना सामग्री को द्रवित होने के लिए जो समय लगता है (टाइम टु ब्रेकथ्रू) वह अलग-अलग हो सकता है। मिश्रण के मामले में, जो विभिन्न पदार्थों के बने हैं, दस्ताने के संरक्षण समय का सही अनुमान नहीं कर सकते हैं।

अनुशंसित: नाइट्राइल दस्ताने। (मोटाई: 1.25 मिमी), नियोप्रीन दस्ताने। (मोटाई: 0.198 मिमी). यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि अलग-अलग दस्ताने निर्माताओं द्वारा उपयोग किए गए दस्ताना सामग्री को द्रवित होने के लिए जो समय लगता है (टाइम टु ब्रेकथ्रू) वह अलग-अलग हो सकता है।

देह रक्षण : इस उत्पाद का हस्तन करने से पहले शरीर के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, जो काम किया जा रहा हो तथा उसमें शामिल खतरे, के आधार पर ही चुना जाना चाहिए तथा विशेषज्ञ द्वारा अनुमोदित होना चाहिए।

अन्य त्वचा रक्षण : किए जा रहे काम और उसमें निहित जोखिमों के आधार पर जूते और अन्य अतिरिक्त त्वचा रक्षण कदम चुनना चाहिए, और इस उत्पाद का हस्तन करने से पहले इस चयन का अनुमोदन किसी विशेषज्ञ द्वारा करा लेना जाना चाहिए।

श्वसन सुरक्षा : खतरे और संपर्क की संभावना के आधार पर, ऐसा श्वसनयंत्र चुनें जो उपयुक्त मानक या प्रमाणन की पूर्ति करता हो। उचित फिटिंग, प्रशिक्षण एवं उपयोग के अन्य महत्वपूर्ण पहलू सुनिश्चित करने के लिए, श्वसनयंत्रों का उपयोग किसी श्वसन सुरक्षा कार्यक्रम के अनुसार ही किया जाना चाहिए।

अनुभाग 9. भौतिक और रासायनिक गुण और सुरक्षा विशेषताएं

सभी गुणों के मापन की अवस्थाएं मानक तापमान और दबाव पर हैं बशर्ते कि अन्यथा सूचित नहीं किया गया है।

आभास

भौतिक अवस्था : तरल। [श्यान.]

रंग : काला।/धूसर।

गंध : थोड़ा सा.

गंध दहलीज : उपलब्ध नहीं।

pH : लागू नहीं।

अनुभाग 9. भौतिक और रासायनिक गुण और सुरक्षा विशेषताएं

गलन अंक/हिमांक : उपलब्ध नहीं।

क्वथनांक, आरंभिक क्वथनांक, और उबालने की रेंज : उपलब्ध नहीं।

स्फुरांक : बंद कटोरा: >150°C (>302°F) [Afnor T 60103]

वाष्पीकरण दर : उपलब्ध नहीं।

ज्वलनशीलता : ज्वलनशील नहीं माना जाता है।

निम्न और उच्च विस्फोटन सीमा/ज्वलनीयता सीमा : उपलब्ध नहीं।

वाष्प दाब : उपलब्ध नहीं।

संबंधी वाष्प घनत्व : उपलब्ध नहीं।

आपेक्षिक घनत्व : 1.12 [20° से. पर]

विलेयता(एं) :

मीडिया	परिणाम
पानी	अघुलनशील

पानी में मिश्रणीय : नहीं।

ओक्टेनोल/पानी विभाजन गुणांक : लागू नहीं।

स्वतः-प्रज्वलन तापमान : 400°C (752°F)

विघटन तापमान : >200°C (>392°F)

श्यानता : गतिशील (कमरे का तापमान): उपलब्ध नहीं।
शुद्धगतिकी (कमरे का तापमान): 18000 mm^2/s (18000 सेन्टी स्टोक)
शुद्धगतिकी (40°C (104°F)): उपलब्ध नहीं।

प्रवाह समय (ISO 2431) : उपलब्ध नहीं।

कणों के अभिलक्षण

कणों का मध्यम आकार : लागू नहीं।

अन्य सूचना

भौतिक/रासायनिक गुणधर्म टिप्पणियां : कोई अतिरिक्त सूचना नहीं।

अनुभाग 10. स्थायित्व तथा प्रतिक्रियां

अभिक्रियाशीलता : इस उत्पाद या इसके घटकों के लिए अभिक्रियाशीलता से संबंधित विशिष्ट परीक्षण डेटा उपलब्ध नहीं है।

रासायनिक स्थिरता : उत्पाद स्थायी है।

खतरनाक अभिक्रियाओं की संभावना : संग्रहण या उपयोग की निश्चित परिस्थितियों के अधीन खतरनाक प्रतिक्रिया या अस्थायित्व पाया जा सकता है।
संग्रह या उपयोग की कुछ स्थितियों में खतरनाक बहुलकीकरण हो सकता है। उत्पाद हाइड्रोजन गैस विमुक्त कर सकता है। अधिक संग्रहण ताप इस प्रक्रिया को त्वरित कर देगा। (<4 l/kg - उत्पाद).

वे स्थितियां जिनसे बचना चाहिए : उच्च तापमानों से बचें। खुली ज्वाला से दूर रखें।

असंगत सामग्रियां : निम्नलिखित पदार्थों के साथ अभिक्रियाशील या असंगत: आक्सीकारी सामग्री और क्षार.

खतरनाक वियोजन उत्पाद : संग्रह तथा उपयोग की सामान्य परिस्थितियों में खतरनाक अपघटनीय उत्पाद नहीं बनने चाहिए।

अनुभाग 11. विषविद्या सूचना

विषाक्त प्रभावों की जानकारी

तीक्ष्ण विषाक्तता

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**चूहा - अंतःश्वसन - एलसी50 वाष्प** >36 मिग्रा/लीटर [4 घंटे]

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

त्वचा संक्षरण/उत्तेजन

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम

अनुभाग 11. विषविद्या सूचना

ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**खरगोश - त्वचा - हल्का उत्तेजक** उपचार/उद् भावन की अवधि: 24 घंटे काम में लाई गई मात्रा/सांद्रता: 500 mg

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

आंखों की गंभीर क्षति/आंखों में जलन

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

श्वसन संक्षारण/जलन

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

श्वसन या त्वचा संवेदीकरण

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम	
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**गिनीपीग - त्वचा** परिणाम: संवेदनकारी नहीं	OECD 406 [त्वचा संवेदीकरण]

त्वचा

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

श्वासनीय

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

जर्म सेल म्यूटेजेनिसिटी

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम	
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**कृत्रिम वातावरण में किए गए (इन विट्रो) - जीवाणु** परिणाम: नकारात्मक	OECD 471 [बैक्टीरियल रिवर्स म्यूटेशन टेस्ट]
	कृत्रिम वातावरण में किए गए (इन विट्रो) - स्तनधारी-पशु परिणाम: नकारात्मक	OECD 473 [इन विट्रो स्तनधारी गुणसूत्र विपथन परीक्षण में]

अनुभाग 11. विषविद्या सूचना

इन विवो (जानवरों के ऊपर किये गए परीक्षण) - स्तनधारी-पशु परिणाम: नकारात्मक	OECD 475 [स्तनधारी अस्थि मज्जा गुणसूत्र विपथन परीक्षण]
इन विवो (जानवरों के ऊपर किये गए परीक्षण) - स्तनधारी-पशु परिणाम: नकारात्मक	OECD 478 [जेनेटिक टॉक्सिकोलॉजी: कृंतक प्रमुख घातक परीक्षण]
कृत्रिम वातावरण में किए गए (इन विट्रो) - स्तनधारी-पशु परिणाम: नकारात्मक	OECD 476 [इन विट्रो स्तनधारी कोशिका जीन उत्परिवर्तन परीक्षण में]

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

कैंसरजनीनता

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

प्रजनन विषाक्तता

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम	
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**चूहा - अंतःश्वसन** 3.64 मिग्रा/किलो - NOAEL उर्वरता पर प्रभाव: सकारात्मक विकास-संबंधी: नकारात्मक	OECD 416 [दो-पीढ़ी प्रजनन विषाक्तता अध्ययन]

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

विशिष्ट लक्ष्य अंगों के लिये विषाक्ता (एकल उद् भावन)

उपलब्ध नहीं।

विशिष्ट लक्ष्य अंगों के लिये विषाक्ता (बारबार उद् भावन)

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम
सिलानामाइन, 1,1,1-ट्राइमिथाइल-एन-(ट्राइमिथाइलसिलिल) -, सिलिका के साथ हाइड्रोलिसिस उत्पाद	विशिष्ट लक्ष्य अवयव विषाक्तता (पुनरावृत्त उद्भासन) (फेफड़े) (अंतःश्वसन) - वर्ग 2

अनुभाग 11. विषविद्या सूचना

चूषण खतरा

उपलब्ध नहीं।

उद्भासन के होने वाले मार्गों के बारे में सूचना

अनुमानित प्रवेश के रास्ते: मौखिक, चर्मीय, अंतःश्वसन, आंखें.

तीव्र स्वास्थ्य प्रभावों की संभावना

नेत्र संपर्क : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

अंतःश्वसन : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

त्वचा संपर्क : त्वचा के लिए वसा निकालनेवाला (डीफैटिंग)। त्वचा शुष्कता और उत्तेजना ला सकता है।

अंतर्ग्रहण : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

शारीरिक,रसायनिक तथा विष विज्ञान संबंधी अभिलाक्षण

नेत्र संपर्क : विशेष आधार सामग्री नहीं है।

अंतःश्वसन : विशेष आधार सामग्री नहीं है।

त्वचा संपर्क : विपरीत लक्षणों में निम्नलिखित हो सकते हैं:
उत्तेजना
शुष्कता
फटना

अंतर्ग्रहण : विशेष आधार सामग्री नहीं है।

लघु और दीर्घ अवधि में उद्भासन से विलंबित एवं तात्कालिक प्रभाव तथा चिरकालिक प्रभाव भी

अल्पकालिक उद्भासन

संभावित तात्कालिक प्रभाव : उपलब्ध नहीं।

संभावित विलंबित प्रभाव : उपलब्ध नहीं।

दीर्घकालिक उद्भासन

संभावित तात्कालिक प्रभाव : उपलब्ध नहीं।

संभावित विलंबित प्रभाव : उपलब्ध नहीं।

चिरकालिक स्वास्थ्य प्रभावों की संभावना

उत्पाद/संघटक का नाम **परिणाम**

अनुभाग 11. विषविद्या सूचना

ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**उप-तीव्र - खरगोश - चर्मीय - NOAEL** 960 मिग्रा/किलो	OECD 410 [दोहराया खुराक त्वचीय विषाक्तता: 21/28-दिवसीय अध्ययन]

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

सामान्य : दीर्घकालीन अथवा पुनरावर्ती उद्भासन से शारीरिक अवयवों को क्षति पहुंचा सकता है। दीर्घकालिक या पुनरावृत्त संपर्क त्वचा की वसा को नष्ट कर सकता है तथा त्वचा में उत्तेजना, दरार और/या डेर्माटाइटिस ला सकता है।

कैंसरजनीनता : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

उत्परिवर्तनीयता : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

प्रजनन विषाक्तता : कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

विषैलेपन की आंकिक माप

तीव्र विषैलापन अनुमान

N/A

अनुभाग 12. पर्यावरणीय सूचना

विषाक्तता

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम	
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**चिरस्थायी - NOEC - मीठा जल** मछली - Rainbow trout,donaldson trout - *Oncorhynchus mykiss* - अंडा उम्र: 2 घंटे 4.4 माइक्रोग्राम/लीटर [90 दिन] **तीक्ष्ण - एलसी50** मछली - *Oncorhynchus mykiss* >0.022 मिग्रा/लीटर [96 घंटे] **चिरस्थायी - NOEC** मछली - *Oncorhynchus mykiss* ≥0.0044 मिग्रा/लीटर [93 दिन]	सामान: गुणक

अनुभाग 12. पर्यावरणीय सूचना

चिरस्थायी - NOEC
डैफ्निया - *Daphnia magna*
0.015 मिग्रा/लीटर [21 दिन]

तीक्ष्ण - ईसी50
शैवाल - *Selenastrum capricornutum*
>0.022 मिग्रा/लीटर [96 घंटे]

चिरस्थायी - NOEC - मीठा जल — सामान: मर्त्यता
डैफ्निया - Water flea - *Daphnia magna*
उम्र: <24 घंटे
7.9 माइक्रोग्राम/लीटर [21 दिन]

तीक्ष्ण - ईसी50 - मीठा जल
डैफ्निया - *Daphnia magna*
>0.015 मिग्रा/लीटर [48 घंटे]

चिरस्थायी - NOEC — सामान: जनसंख्या STDMETH
शैवाल - Green algae - *Selenastrum capricornutum*
1 से 29 माइक्रोग्राम/लीटर [96 घंटे]

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

दीर्घस्थायी और विघटनशीलता

उत्पाद/संघटक का नाम	परिणाम	
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	**वायुजीवी - 10 मिग्रा/लीटर** 3.7% [28 दिन] - सरलता से नहीं	OECD [तैयार बायोडिग्रेडेबिलिटी - सीलबंद जहाजों में CO2 (हेडस्पेस टेस्ट)]

निष्कर्ष/सारांश[उत्पाद] : उपलब्ध नहीं।

उत्पाद/संघटक का नाम	जलीय अर्ध-आयु	प्रकाश अपघटन	जैवविघटनक्षमता
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	-	-	सरलता से नहीं

जैवसंचयन की संभावना

अनुभाग 12. पर्यावरणीय सूचना

उत्पाद/संघटक का नाम	$LogP_{ow}$	BCF	संभावना
ऑक्टामेथाइलसाइक्लोटेट्रासिलोक्सेन	6.488	13400 [ईपीए ओटीएस 797.1520]	उच्च

मृदा गतिक

मृदा/पानी विभाजन गुणांक : उपलब्ध नहीं।

अन्य प्रतिकूल प्रभाव

कोई ज्ञात प्रभाव या उल्लेखनीय खतरा नहीं है।

अनुभाग 13. नष्ट करने के विचार

निपटारा विधियां : जहां भी संभव हो अपपदार्थ न बनने देना चाहिए या कम बनने देना चाहिए। इस उप्ताद, विलयन और अन्य उपपदार्थ का निपटारा हमेशा पर्यावरणीय सुरक्षा और अपपदार्थ निपटारा विनियम और अन्य क्षेत्रीय स्थानीय अधिकरणों की आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाना चाहिए। शेष या अपुनश्चक्रणीय उत्पादों को लाइसेंस प्राप्त निपटारा ठेकेदार के माध्यम से निपटाएं। अपशिष्ट का नाला मार्ग द्वारा बीना इलाज के निपटारा नहीं होना चाहिए जब तक सभी प्राधिकारी के क्षेत्राधिकार की आवश्यकताओं के साथ पूरी तरह अनुरूप हो। अवशिष्ट पैकेजिंग का पुनश्चक्रण होना चाहिए। जलाने या लैंडफिल में भेजने के विकल्प पर तभी विचार करना चाहिए जब पुनश्चक्रण संभव न हो। इस सामग्री तथा इसके पात्र को सुरक्षित तरीके से निपटारा करें। साफ नहीं किए गए या नहीं धोए गए खाली पात्रों का हस्तन करते समय सावधानी बरतना जरूरी है। खाली पात्रों में या लाइनरों में उत्पाद का अवशिष्ट लगा हुआ हो सकता है। छलकी हुई सामग्री को फैलने न दें और उसे बह निकलने न दें तथा बहाव को मिट्टी, जलधाराएं, नाले और नालियों में मिलने न दें।

अनुभाग 14. यातायात सूचना

	UN	IMDG	IATA
UN क्रमांक	अविनियमित।	Not regulated.	Not regulated.
संयुक्त राष्ट्र के लिए उचित शिपिंग नाम	-	-	-

अनुभाग 14. यातायात सूचना

परिवहन खतरा वर्ग	-	-	-
पैकिंग ग्रुप	-	-	-
पर्यावरणीय खतरे	नहीं।	No.	No.

प्रयोक्ता के लिए विशेष एहतियात : **प्रयोक्ता के परिसर में परिवहन:** हमेशा सीधे रखे गए बंद पात्रों में ले जाएं। सुनिश्चित करें कि जो लोग उत्पाद का परिवहन कर रहे हैं, उन्हें पता है कि दुर्घटना या छलकन होने पर क्या करना चाहिए।

IMO उपकरण के अनुसार थोक में परिवहन करें : उपलब्ध नहीं।

अनुभाग 15. विनियमन सूचना

अंतर्राष्ट्रीय विनियम

रसायनिक हथियार संधि सूची अनुसूचियाँ I, II एवं III रसायन

सूचीबद्ध नहीं।

मोन्ट्रिओल प्रोटोकाल

सूचीबद्ध नहीं।

दीर्घस्थायी जैविक प्रदूषकों की स्टोकहोम संधि

सूचीबद्ध नहीं।

पूर्व सूचित सहमति (पीआईसी) पर रोटेरडैम संधि

सूचीबद्ध नहीं।

पीओपी और भारी धातुओं के बारे में यूएनईसीई आरहस प्रोटोकोल

सूचीबद्ध नहीं।

अनुभाग 16. अन्य सूचना

इतिहास

जारी करने की तिथि/संशोधन तिथि	:	2026/03/20
इससे पूर्व जारी करने की तिथि	:	2025/01/13
रूपांतर	:	2.01
के द्वारा तैयार किया गया	:	Sphera Solutions
संक्षेपनों की कुंजी	:	एटीई = तीव्र विषाक्तता अनुमान बीसीएफ = जैवसंकेंद्रण कारक GHS = रसायनों के वर्गीकरण और लेबलन की विश्वव्यापी सामंजस्यीकृत प्रणाली आईएटीए = अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ आईबीसी = दर्मियानी थोक पात्र आईएमडीजी = अंतर्राष्ट्रीय समुद्री खतरनाक माल IMO = अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन लोग पीओड्ब्लू = ओक्टेनॉल/जल विभाजन गुणक का लघुगणक मारपोल = जलपोतों से प्रदूषण की रोकथाम के लिए अंतर्राष्ट्रीय संधि , 1973, 1978 के प्रोटोकॉल द्वारा संशोधित। ("मारपोल" = मराइन पोल्यूशन (समुद्री प्रदूषण)) N/A = उपलब्ध नहीं SGG = पृथक्करण समूह यूएन = संयुक्त राष्ट्र

वर्गीकरण व्युत्पन्न करने के लिए प्रयुक्त कार्यविधि

वर्गीकरण	कारण
विशिष्ट लक्ष्य अवयव विषाक्तता (पुनरावृत्त उद्भासन) - वर्ग 2	परिकलन विधि
जलीय खतरा (चिरकालिक) - वर्ग 3	परिकलन विधि

संदर्भ : जीएचएस - रसायनों के वर्गीकरण और लेबलन की विश्वव्यापी सामंजस्यीकृत प्रणाली - रूपांतर : 9.
अंतर्राष्ट्रीय परिवहन विनियम

ऐसी जानकारी को सूचित करती है जो पहले के संस्करण से बदल गई है।

पाठक के लिए सूचना

अनुभाग 16. अन्य सूचना

हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार यहां दी गई जानकारी उचित है। तथापि ऊपर-नामित आपूर्तिकर्ता या उसका कोई सहायक यहां दी गई सूचना के सही या पूरा होने का किसी भी प्रकार का उत्तरदायित्व नहीं लेता है।

पदार्थ की उपयोगिता का अंतिम निर्धारण करना संपूर्ण रूप से उपयोगकर्ता की जिम्मेदारी है। सभी पदार्थ खतरे पैदा कर सकते हैं, इसलिए उन्हें सावधानी से उपयोग करना चाहिए। हालांकि कुछ खतरों का यहां विवरण दिया गया है, पर और भी खतरों के विद्यमान न होने की हम गारंटी नहीं दे सकते हैं।